Seat No. : _______________

# XY-133-H

**B.Com. Sem. IV**
**April-2013**

## 208 – Taxation – II

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. ता. 31-3-12 को पूर्ण होते वर्ष का लुमादरा का लाभ-हानि खाता निम्नलिखित है । इस पर से उसके धंधा-व्यवसाय की कर योग्य आय निर्धारित कीजिये : **14**

| **उधार** | **₹** | **जमा** | **₹** |
|---|---|---|---|
| आयकर | 15,000 | डूबत ऋण | 10,000 |
| व्यवसाय कर | 2,000 | आयकर रीफंड | 3,000 |
| लाभांश वसूली खर्च | 1,000 | व्यवसाय कर रीफंड | 1,000 |
| भाड़ा पर दिये मकान का खर्च | 3,000 | मकान भाड़ा | 8,000 |
| दान | 8,000 | लाभांश | 12,000 |
| दिया बट्टा | 5,000 | संचालक फीस | 4,000 |
| चन्दा | 2,000 | सकल लाभ | 1,12,000 |
| वकील फीस | 3,000 | | |
| कर्मचारी कल्याण खर्च | 7,000 | | |
| कर्मचारी प्रशिक्षण खर्च | 5,000 | | |
| आहरण | 12,000 | | |
| घिसाई | 8,000 | | |
| मुसाफरी खर्च | 7,000 | | |
| ब्याज | 5,000 | | |
| मेडीक्लेम प्रीमियम | 2,000 | | |
| शुद्ध लाभ | 65,000 | | |
| | **1,50,000** | | **1,50,000** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) मुसाफरी खर्च में ₹ 1,000 निजी खर्च शामिल है ।

(2) ब्याज में ₹ 3,000 पूँजी पर ब्याज तथा ₹ 2,000 लोन का ब्याज है ।

(3) बिक्री कर के ₹ 5,000 चुकाने बाकी हैं ।

(4) डूबत ऋण वापसी में ₹ 4,000 डूबत ऋण के रूप में स्वीकृत नहीं थे ।

(5) स्वीकार्य घिसाई ₹ 7,000 है ।

(6) चुकाये गये विज्ञापन खर्च के ₹ 2,000 बही में नहीं लिखे हैं ।

**अथवा**

1. (a) ता. 31-3-12 को पूर्ण होते वर्ष का डॉक्टर बकुम का रोकड़/बैंक खाता निम्नलिखित है : **7**

| **विवरण** | **₹** | **विवरण** | **₹** |
|---|---|---|---|
| प्रारंभिक शेष | 23,000 | अस्पताल का खर्च | 83,000 |
| अस्पताल की आय | 80,000 | खून की खरीदी | 25,000 |
| रोगी के पास से भेंट | 6,000 | स्टाफ वेतन | 70,000 |
| विनियोगों की बिक्री | 31,000 | जीवन बीमा प्रीमियम | 25,000 |
| रूम का चार्ज | 64,000 | चन्दा | 15,000 |
| दवाओं का विक्रय | 26,000 | बिजली खर्च | 20,000 |
| खून का चार्ज | 33,000 | अंकेक्षण खर्च | 12,000 |
| एम्ब्युलन्स चार्ज | 17,000 | अंतिम सेष | 30,000 |
| | **2,80,000** | | **2,80,000** |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) वर्ष के अंत में खून का स्टोक ₹ 5,000 का है ।

(2) साधनों पर घिसाई ₹ 10,000 है ।

धंधा-व्यवसाय से आय निर्धारित कीजिये ।

(b) निम्नलिखित दान में से कौन सी रकम धंधा-व्यवसाय शीर्षक अन्तर्गत छूट के योग्य नहीं है ? **4**

(1) मान्य संस्था को दान

(2) अमान्य संस्था को दान

(3) राजकीय पक्ष को दान

(4) वस्तुरूप में दिया दान

**अथवा**

निम्नलिखित में से कौन से कर धंधा-व्यवसाय शीर्षक के अन्तर्गत छूट के योग्य हैं ?

(1) सम्पत्ति कर

(2) व्यवसाय कर

(3) उपहार (गिफ्ट) कर

(4) चुकाया वेट (VAT)

(c) निम्नलिखित में से कौन सी घिसाई धंधा-व्यवसाय शीर्षक अन्तर्गत छूट के योग्य है ? **3**

(1) धंधा के यंत्रों पर घिसाई

(2) भाड़ा पर दिये मकान पर घिसाई

(3) वर्ष दौरान बेचे यंत्र पर घिसाई

**अथवा**

निम्नलिखित में से कौन सा प्रीमियम धंधा-व्यवसाय का खर्च है ?

(1) जीवन बीमा प्रीमियम

(2) मेडीक्लेम प्रीमियम

(3) माल स्टोक का बीमा प्रीमियम

2. (a) ता. 31-3-12 को पूर्ण होते वर्ष दौरान जिगा द्वारा किये व्यवहार निम्नलिखित है । इस पर से करयोग्य पूँजी लाभ की गणना कीजिये : **7**

| सम्पत्ति | खरीद कीमत ₹ | बिक्री कीमत ₹ | खरीद तारीख | 1-4-81 की कीमत ₹ | संबंधित सूचकांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. खेती की जमीन | 1,00,000 | 3,00,000 | 10-1-87 | – | 140 |
| 2. शहरी जमीन | 32,000 | 5,30,000 | 10-1-77 | 40,000 | 100 |
| 3. शेयर बाजार में बिन-पंजीकृत ऋणपत्र | 15,000 | 1,85,000 | 10-1-88 | – | 150 |

**नोट :**

(1) सभी सम्पत्तियाँ जनवरी 2012 में बेच दी हैं ।

(2) वर्ष 2012-13 का सूचकांक 785 है ।

**अथवा**

(a) निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई **दो** के उत्तर दीजिये :

(1) निवासीय मकान के हस्तान्तरण से होने वाले पूँजी लाभ संबंधी कलम 54 के प्रावधानों की चर्चा कीजिये ।

(2) पूँजी लाभ के उद्देश्य से बोनस शेयर की लागत से संबंधित प्रावधानों को समझाइये ।

(3) पूँजी लाभ के प्रकार समझाइये ।

(b) निम्नलिखित सम्पत्तियाँ पूंजी-सम्पत्ति हैं या नहीं, बताइये : (कोई **चार**) **4**

(1) माल स्टोक

(2) निजी वाहन

(3) खेती की जमीन

(4) ख्याति

(5) ज्वेलरी

(6) कोपीराइट

**अथवा**

निम्नलिखित में से कौन सी आय "अन्य साधन" शीर्षक अन्तर्गत कर योग्य गिनी जाती है ? (कोई **चार**) :

(1) मकान का उप-भाड़ा

(2) जमीन भाड़ा

(3) लोटरी से आय

(4) जन्म-दिन पर भेंट

(5) आयकर का रीफंड

(6) भारत में कृषि आय

(c) "अन्य साधनों" की आय शीर्षक अन्तर्गत छूट मिलने योग्य तीन मदें (items) बताइये । **3**

**अथवा**

आकस्मिक आय पर टिप्पणी लिखिये ।

3. (a) हानि अपलिखित करने से संबंधित प्रावधान समझाइये । **7**

**अथवा**

कलम 80 (c) अन्तर्गत छूट मिलने योग्य कोई सात मदें बताइये ।

**अथवा**

करदाता की कुल आय में शामिल होने वाली अन्य व्यक्तियों की आय बताइये ।

(b) सुधीन की कुल ग्रोस आय ₹ 5,00,000 है । उसने निम्नानुसार दान दिया है । कलम 80 (G) अन्तर्गत दान छूट की गणना कीजिये : **4**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | नेशनल डिफेन्स फंड में दान | 25,000 |
| (2) | राजीव गांधी फाउन्डेशन में दान | 20,000 |
| (3) | परिवार नियोजन के प्रचार हेतु सरकार को दान | 15,000 |
| (4) | मान्य शैक्षणिक ट्रस्ट को भवन निर्माण के लिए दान | 10,000 |

**अथवा**

मेडीक्लेम बीमा प्रीमियम संबंधी कलम 80(D) की छूट संबंधी प्रावधानों की चर्चा कीजिये ।

(c) धंधा का नुकसान आगे खींचने संबंधी प्रावधानों को समझाइये । **3**

**अथवा**

अस्पष्ट आयों (unexplained incomes) पर टिप्पणी लिखिये ।

4. (a) गुजरात मूल्यवर्धित कर (VAT) कानून-2003 के सन्दर्भ में कर सम्पात (भार) को समझाइये । **7**

**अथवा**

गुजरात मूल्यवर्धित कर (VAT) कानून-2003 के सन्दर्भ में अनिवार्य पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) संबंधी प्रावधानों को समझाइये ।

(b) सेवा कर संबंधी पंजीयन के प्रावधानों को बताइये । **4**

**अथवा**

सेवा कर का सम्पात (भार) समझाइये ।

(c) सेवा कर का योग्य बनाव (घटना) किसे कहते हैं ? **3**

**अथवा**

केन्द्रीय बिक्री कर के लक्षण बताइये ।

5. निम्नलिखित उप-प्रश्नों के नीचे दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प पसंद कीजिये । गणना या स्पष्टीकरण जरूरी है । (कोई **सात**) **14**

(1) जीवन बीमा प्रीमियम आदि संबंधी कलम 80 (c) अन्तर्गत अधिक से अधिक कितनी रकम छूट के रूप में मिलती है ?

(a) ₹ 1,00,000

(b) ₹ 1,20,000

(c) ₹ 1,50,000

(2) 50 वर्ष के डॉक्टर काज़ी ने अपनी पॉलिसी पर ₹ 35,000 मेडीक्लेम प्रीमियम भरा है । कलम 80 (D) अन्तर्गत उसको कितनी छूट मिलेगी ?

(a) ₹ 15,000

(b) ₹ 20,000

(c) ₹ 35,000

(3) एक व्यापारी का कर योग्य माल का टर्नओवर ₹ 15,000 है । उसका कुल टर्नओवर कितनी रकम से बढ़े तो उसे वेट चुकाने की जिम्मेदारी बनेगी ?

(a) ₹ 5,00,000

(b) ₹ 8,00,000

(c) ₹ 6,00,000

(4) निम्नलिखित में से धंधा-व्यवसाय की कौन सी आय है ?

(a) बैंक ब्याज

(b) प्राप्त बट्टा

(c) प्राप्त लाभांश

(5) एक यंत्र की मूल कीमत ₹ 30,000, घिसाई घटाने के बाद की कीमत ₹ 20,000 और बाजार कीमत ₹ 15,000 है । घिसाई का दर 15% हो, तो वार्षिक घिसाई कितनी होगी ?

(a) ₹ 3,000

(b) ₹ 4,500

(c) ₹ 2,250

(6) ता. 1-4-81 से पहले खरीदे शेयर की सुधारी लागत (Indexed cost) ज्ञात करने के लिए शेयर की कौन सी कीमत ध्यान में ली जाती है ?

(a) खरीद कीमत

(b) ता. 1-4-81 की योग्य बाजार कीमत

(c) शून्य

(7) निम्नलिखित में से कौन सी सम्पत्ति पूँजी-सम्पत्ति नहीं गिनी जाती ?

(a) शेयर खरीद का अधिकार

(b) खान का लीजहोल्ड अधिकार

(c) निजी कपड़े

(8) लोटरी के इनाम की प्राप्त शुद्ध रकम ₹ 17,500 है । T.D.S. का दर 30% है । लोटरी की आय निश्चित कीजिये ।

(a) ₹ 25,000

(b) ₹ 17,500

(c) ₹ 12,250

---